फैकल्टी एंड ऑफिसर्स क्लब द्वारा धूमधाम से मनाया गया ' बालोत्सव'

विगत 14 नवंबर 2019 को फैकल्टी एंड ऑफिसर्स क्लब द्वारा 'बालोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्लब के सदस्यों ने अपने बच्चों एवं परिवार के साथ मिलकर बढचढ कर हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम का आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब के नए अध्यक्ष माननीय कुलपति प्रो. रजनीश शुक्ला एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम शुक्ला को क्लब के सदस्यों की तरफ से फलों की टोकरी देकर की गई। तत्पश्चात क्लब के कार्यकारिणी सदस्य प्रो. अनिल पाण्डेय के जन्मदिवस पर उन्हें अध्यक्ष महोदय द्वारा शुभकामना स्वरूप फलों की टोकरी भेंट की गई। क्लब सदस्यों के बच्चों ने अपने माता पिता के बारे में अपनी भावना को अभिव्यक्त किया। क्लब के द्वारा सभी बच्चों को उपहार प्रदान किया गया एवं उनकी पसंद के भोजन की व्यवस्था की गई। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया तथा स्वंय भी जम्पर, स्वीट कैंडी तथा विभिन्न भोजन सामग्रियों का आनंद उठाया। कार्यक्रम की समाप्ति क्लब की सचिव डॉ. सुप्रिया पाठक के धन्यवाद ज्ञापन से हुई।

कार्यक्रम की झलकियां